# धनतेरस पर धन बरसा : मुरैना में 8 से 10 करोड़ का कारोबार, बर्तन मार्केट भी खनका, खेरीज मार्केट में बंपर खरीदारी

नवभारत न्यूज

**मुरैना 18 अक्टूबर।** धनतेरस पर मुरैना शहर का बाजार दमक उठा। शहर में 50 से अधिक और अंचल में 200 से अधिक सराफा कारोबारियों ने धनतेरस के शुभ मुहूर्त में 8 से 10 करोड़ का कारोबार किया। वहीं बर्तन मार्केट में भी जोरदार ग्राहकी हुई, यहां 35 से 40 लाख का कारोबार जिलेभर में हुआ। इसके अलावा खेरीज मार्केट में सबसे अधिक भीड़ रही, जहां एक ही दिन में 40 से 50 लाख का कारोबार हुआ। कुल मिलाकर धनतेरस पर 10 से 12 करोड़ के कारोबार होने का अनुमान है।

**सजी फूल-झालरों की दुकानें, हनुमान चौराहे पर खरीदारों की रही भीड़**







धनतेरस पर सुबह से ही शहर के बाजार गुलजार रहे। दोपहर के वक्त फूल मार्केट में जबरदस्त ग्राहक उमड़े। शाम 5 बजे तक पूरे बाजार से फूल खत्म हो गए। शाम 5 बजे से शहर के बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ी। सबसे अधिक भीड़ शहर के सदर बाजार, सिकरवारी बाजार, मारकंडेश्वर बाजार, हनुमान चौराहा, शंकर बाजार, झंडा चौक इलाके में रही, जहां छोटे कारोबारियों ने सेल लगा रखी थी। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, युवतियां अपनी जरूरत के लिहाज से सामान खरीदते हुए दिखीं।

-बर्तन बाजार में भीड़ इतनी कि पैर रखने की भी नहीं थी जगह

झंडा चौक से रुई की मंडी तक स्टील बर्तन की दुकानें हैं, जहां सबसे अधिक खरीदार नजर आए। स्टील के अलावा पीतल, तांबे और मिश्र धातुओं से बने बर्तन खासकर पूजा-सामग्री की खरीदारी सबसे अधिक हुई। बर्तन कारोबारी भरत बांदिल ने बताया कि सालभर में धनतेरस ही एकमात्र त्योहार है, जब बर्तन मार्केट खनकता है।

**एमएस रोड, बाजार में पुलिस फोर्स तैनात, फिर भी ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन:** धनतेरस पर खरीदारों की भीड़ उमडने् का असर शहर में ट्रैफिक जाम के रूप में देखने को मिला। शहर की एमएस रोड सहित ओवरब्रिज तिराहा, हनुमान चौराहा आदि जगह पुलिस फोर्स तैनात था, फिर भी एमएस रोड पर आधा-आधा किमी लंबे ट्रैफिक जाम में वाहन फंसते रहे, जिन्हें हटाने के लिए पुलिसकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी।

**सड़क पर धूल दबाने पानी छिड़कवाया, संदिग्ध वाहन रोककर चेक किए:** फोटो 181025 मोर-51 कैप्शन- ओवरब्रिज तिराहे पर रोकी गई संदिग्ध कार चेक करते पुलिसकर्मी।

धनतेरस की संध्या पर एक ओर लोग खरीदारी कर रहे थे, वहीं अफसर और पुलिस फोर्स भी अलर्ट पर था। शहर की एमएस रोड पर उड़ती हुई धूल को देखकर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर नगर निगम ने एमएस रोड पर टैंकर से पानी का छिडक़ाव किया। वहीं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ भी एक्टिव दिखे। उन्होंने रामनगर से आ रही संदिग्ध कार को वायरलैस पर प्वाइंट चलाकर पकड़वाया, जिसकी जांच के बाद चालानी कार्रवाई की गई। क्योंकि कार के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी।

# 1.28 लाख का मावा-मिल्क केक और सोनपपड़ी नष्ट कराए

## जौरा, अंबाह में डेयरियों से लिए गए सैंपल, एसडीएम, तहसीलदार के नेतृत्व में हुई कार्यवाहियां





नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 अक्टूबर।** धौलपुर से पोरसा भेजे जा रहे मावा, मिल्क केक और सोनपपड़ी से लदी मारुति वैन को निरीक्षण के दौरान अंबाह एसडीएम ने पकड़ लिया। वैन से बरामद हुए मावा, मिल्क केक और सोनपपड़ी के अपमिश्रित होने के संदेह में सैंपल लिए गए, जिसके बाद उन्हें नष्ट कराने की कार्यवाही की गई। नष्ट कराए गए माल की कीमत 1 लाख 28 हजार रूपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार शनिवार को फूड सेफ्टी विभाग की टीम के साथ अंबाह कस्बे में निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान कस्बे के पोरसा चौराहे पर मारुति वैन क्रं. एमपी07-जेएफ-6662 को रोका गया। वैन में 455 किग्रा मिल्क केक, 450 किग्रा सोनपपड़ी और 60 किग्रा मावा भरा हुआ था। पूछताछ करने पर यह माल मुरैना शहर के रामनगर में रहने वाले शंकरलाल शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा का होना बताया गया। पता चला कि मारुति वैन में इस माल को धौलपुर से पोरसा ले जाया जा रहा था। फूड सेफ्टी टीम ने सैंपलिंग की कार्रवाई की। कारोबारी के अनुसार परिवहन किए जा रहे खाद्य पदार्थों का निर्माण रिफाइंड का अपमिश्रण कर किया गया था। जिसे लेकर टीम ने पूरे माल को जब्त कर जेसीबी मशीन की मदद से गड्ढा खोदकर नष्टीकरण कराने की कार्यवाही की। नष्ट कराए गए माल की कीमत 1 लाख 28 हजार 600 रूपये बताई गई है।

**अंबाह में तीन डेयरियों से लिए पनीर-दूध व क्रीम के सैंपल:** एसडीएम अंबाह के नेतृत्व में एफएसओ गिरीश राजौरिया ने शनिवार को अंबाह कस्बे में तीन डेयरियों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान प्रताप कॉलोनी स्थित ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव की डेयरी से मावा, शैलेश शर्मा उर्फ देवा पंडित की डेयरी से पनीर, क्रीम और मुरैना रोड स्थित मां कैलादेवी डेयरी से मिश्रित दूध के नमूने लिए गए।



### जौरा के बरई का पुरा में डेयरी से लिए गए घी व क्रीम के सैंपल

जौरा तहसीलदार कल्पना कुशवाह, एफएसओ महेन्द्र सिरोहिया, पटवारी गंभीर सिंह तोमर, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार शनिवार की दोपहर जौरा क्षेत्र के ग्राम बरई का पुरा में पहुंचें। टीम ने यहां बदनसिंह कुशवाह की दूध डेयरी पर कार्रवाई की। टीम को मौके पर मिश्रित दूध के अलावा क्रीम और घी रखे हुए मिले। जिनके सैंपल लिए गए है। सभी सैंपलों को जांच के लिए भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### सबलगढ़ में केबी स्वीट्स पर मिला 1.20 किग्रा मिलावटी मावा नष्ट कराया



तहसीलदार आशीष जायसवाल के नेतृत्व में राजस्व अमले के साथ फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने शनिवार को कस्बे में केबी स्वीट्स का निरीक्षण किया। टीम को देखकर दुकान संचालक ने मावा से भरे तीन कट्टों को छत्त, बाथरूम सहित अन्य जगहों पर छुपाने की कोशिश की। टीम ने जब इन तीन कट्टों को बरामद कर जांच की तो उनमें 1.20 किग्रा मिलावटी मावा भरा हुआ मिला। एफएसओ अनिल प्रताप सिंह परिहार ने जब्त किए गए 1.20 किग्रा मावा के विनिष्टीकरण की कार्रवाई की। टीम ने भोलेबाबा दूध डेयरी से मावा और घी के नमूने भी लिए है।

# विस अध्यक्ष तोमर से मिले मनोज गुर्जा, बताईं समस्याएं



नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 18 अक्टूबर।** भाजपा के जनसेवक मनोज सिंह गुर्जा ने मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान श्री गुर्जा ने विस अध्यक्ष श्री तोमर को जौरा विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान श्री गुर्जा ने विस अध्यक्ष श्री तोमर को बताया कि बारिश के कारण जौरा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में कई सड़कें खराब हो गईं है, सड़कों में गहरे गड्ढे बन गए है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को आवागमन के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से खराब हुई इन सड़कों की जल्द मरम्मत कराई जाए।

मुलाकात के दौरान श्री गुर्जा ने जौरा क्षेत्र में व्याप्त आमजन से जुड़ी अन्य समस्याओं के बारे में भी विस अध्यक्ष श्री तोमर को अवगत कराया। श्री तोमर ने समस्याएं सुनने के बाद उनका शीघ्र निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 अक्टूबर।** ग्रामीण विकास के अंतर्गत व्हीपीआरपी और लखपति दीदियों के संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि व्हीपीआरपी और लखपति दीदियों को लक्ष्य मानकर विभागीय प्रगति को समयसीमा में पूर्ण करना है।

यह निर्देश उन्होंने समन्वय समिति की बैठक ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, डीएलसीसी सचिव सहित ग्रामीण विकास से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने व्हीपीआरपी एवं जीपीडीपी की प्रगति को देखा एवं कन्वर्जेंस के माध्यम से व्हीपीआरपी को सफल बनाया जाये। कलेक्टर ने व्हीपीआरपी प्लान के संबंध में लाइन डिपार्टमेंट को निर्देशित किया कि अगली वार्षिक योजना में व्हीपीआरपी के प्लान शामिल किया जाना सुनिश्चित करें और प्लान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में प्लान का फील्ड स्तर पर निर्माण वास्तविक रूप से हो, इसके लिए नियमित फील्ड भ्रमण करने के निर्देश डीपीएम को दिये। 15 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक लक्ष्य को सदस्यवार सीएलएफ, ब्लॉकवार पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिसकी समीक्षा प्रति टीएल में करने के निर्देश दिये गये।

# विक्टर स्कूल में बच्चों ने सजाई रंगोली, बनाए मिट्टी के दीपक

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 अक्टूबर।** दीपों के पर्व दीपावली के मौके पर विक्टर कॉन्वेंट हायरसेकेंडी स्कूल में शुक्रवार को रंगोली एवं मिट्टी के दीपक बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली के रंगों एवं दीपक निर्माण कर बच्चों द्वारा दिखाई गई सृजनात्मकता ने माहौल को उत्साह से भर दिया।

**दीप पर्व के मौके पर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन**





दीपक बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा-3 से कक्षा-5 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। नन्हें-मुन्नों ने हाथों से सुंदर और आकर्षक दीपक बनाए। प्रतियोगिता में कक्षा-5 में छात्र देव बांदिल ने प्रथम तथा मौलिक कटारे ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा-4 में वीरप्रताप प्रथम और अर्णा द्वितीय रहीं। कक्षा 3 में प्रिशा प्रथम तथा वैदिक उपविजेता रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में मार्स हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस टीम में अथर्व बांदिल, सरिका सिकरवार, मीनल मिश्रा, अरुण खन्ना और कार्तिक राजपूत शामिल रहे। दूसरे स्थान पर रही ज्यूपिटर हाउस की टीम में पूनम राजावत, अंशु बित्तल, ऋतिका गुप्ता शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के डायरेक्टर समीर बांदिल एवं श्रीमती प्रतीक्षा बांदिल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, कला के प्रति रुचि और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

## जौरा में मिठाई की दुकान से 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**मुरैना।** एसडीएम जौरा शुभम शर्मा एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को कस्बे में गिर्राज मिष्ठान्न भंडार का निरीक्षण किया। टीम को जांच के दौरान दुकन पर 13 घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए मिले। जिनका दुकान संचालक द्वारा व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके से 13 सिलेंडरों के साथ 4 गैस चूल्हों को भी जब्त किया है। घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग पाये जाने पर मध्यप्रदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## नूराबाद नर्सरी में फलबहार की नीलामी 24 को होगी

**मुरैना।** सहायक संचालक उद्यान ने बताया है कि नूरावाद में 24 अक्टूबर को दोपहर 02 बजे आंवला, अमरूद एवं बेलपत्र फलबहार की नीलामी की जाना है। नीलामी में इच्छुक व्यापारी उपस्थित होकर नीलामी की शर्तो का अवलोकन कर भाग ले सकते है। नीलामी की शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

## मुड़ियाखेड़ा डकैती कांड में बदमाशों पर ईनाम घोषित

**मुरैना।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुड़ियाखेड़ा में मावा कारोबारी नवलकिशोर गुप्ता के घर से दिनदहाड़े डकैती डालकर 10 लाख नकदी और पांच तोला सोने के जेवरात लूटने की वारदात में शामिल प्रत्येक बदमाश पर एसपी मुरैना समीर सौरभ ने 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है।

## नगरीय निकायों की वोटर लिस्ट के संबंध में दावा-आपत्ति 24 तक

**मुरैना।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवंबर को होना था। अब 21 नवम्बर 2025 को होगा। फ टोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे।

# सफाई संरक्षकों का सम्मान हम सबका दायित्व : सीमा

नवभारत न्यूज

**मुरैना/कैलारस, 18 अक्टूबर।** किसी भी शहर और कस्बे को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सफाई संरक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कैलारस नगर में साफ-सफाई की रीढ़ नगर परिषद के सफाई संरक्षक है। इनका सम्मान करना हम सबका नैतिक दायित्व है।

**नगर परिषद कैलारस की उपाध्यक्ष ने सफाई संरक्षकों को बांटे नवीन वस्त्र, मिठाई**



सफाई संरक्षकों को संबोधित करते हुए यह बात नगर परिषद कैलारस की उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा अशोक राणावत ने कही। श्रीमती राणावत ने दीपावली के पर्व की सफाई संरक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनको नवीन वस्त्र एवं मिष्ठान्न का वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद के दफ्तर परिसर में हुआ। दीपोत्सव के मौके पर मिष्ठान्न के साथ उपहार के रूप में नवीन वस्त्र मिलने से सफाई संरक्षक अत्यंत प्रसन्न दिखाई दे रहे थे, उनका कहना था कि पहली बार उनको इस प्रकार सम्मान प्राप्त हुआ है, जिससे वे अभिभूत है। कार्यक्रम में नगर परिषद कैलारस के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# थरा गांव से 56 हजार की शराब जब्त, आरोपी फरार

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 18 अक्टूबर।** अंबाह थाने की पुलिस ने शनिवार को थरा गांव में दविश देकर अवैध रूप से बिक्री के लिए छुपाकर रखी गई देशी शराब की 14 पेटियां बरामद कीं। जिनका बाजारू मूल्य 56 हजार रूपये आंका गया है।

**मुखबिर की सूचना पर अंबाह पुलिस ने की कार्रवाई**



जानकारी के अनुसार अंबाह थाना पुलिस को शनिवार को मुखबिर ने सूचना दी कि दीपावली के मौके पर अवैध बिक्री के लिए थरा गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश दी तो वहां मौजूद युवक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने मौके से देशी शराब की 14 पेटियां जब्त कीं। जिनका बाजारू मूल्य 56 हजार रूपये आंकी गई है। शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्यवाही में निरीक्षक सतेन्द्र सिंह, एएसआई किशन सिंह, आरक्षक आनंद शर्मा, आरक्षक चालक धर्मेन्द्र परमार शामिल थे।

# माँ महालक्ष्मी की महाआरती आज

नवभारत न्यूज

**कैलारस 18 अक्टूबर।** कैलारस में आज मध्यप्रदेश अग्रवाल युवा महासभा कैलारस के द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा इस आयोजन में जिलेभर से अग्रवाल बंधु एकत्रित होकर दीपावली पर लक्ष्मी मां की महाआरती में शामिल होकर दीपावली मिलन समारोह का त्योहार मनाएंगे।

**अग्रवाल सेवा सदन में सभी समाज बंधु उपस्थित होकर मां लक्ष्मी जी की करेंगे महाआरती**

इस कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश अग्रवाल युवा महासभा कैलारस के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अग्रवाल युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पवन गोयल ने सभी अग्रवाल बंधुओं से कार्यकर्ताओं से अपील की है कि इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महाआरती में शामिल हों यह कार्यक्रम अग्रवाल सेवा सदन चौड़ा खरंजा में शाम 7 बजे से आयोजित किया जायेगा इस कार्यक्रम में लक्ष्मी जी की आरती के बाद प्रसादी भी वितरित की जाएगी।

यहां बताना जरूरी है कि इस कार्यक्रम में अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल, जिला अध्यक्ष अग्रवाल महासभा मुरैना गोपाल गुप्ता, जौरा नगर पालिका के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, कैलारस नगर परिषद एवं अध्यक्ष अग्रवाल महासभा की जिला अध्यक्ष मुरैना अंजना ब्रजेश बंसल व अग्रवाल महासभा कैलारस के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गुप्ता व अग्रवाल महासभा कैलारस के सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे इसके अलावा सभी इकाइयों जौरा, सबलगढ़, विजयपुर, वीरपुर, रामपुर, झुंडपुरा, सुजर्मा के सभी अध्यक्ष व पदाधिकारिओ के साथ साथ सामाजिक संगठन एवं महिला मण्डल के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।इस कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश अग्रवाल युवा महासभा के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अमन बंसल,अमित,केके बंसल,सौरभ, अतुल, आशीष, विष्णु सिंहल, अजय मंगल,गौरव, मनोज गर्ग,पंकज बंसल, चंटी गोयनर,सुनील,सुमित,बसंत,अंकित,रमन आदि सभी अग्रवाल युवा महासभा के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## आम सूचना

श्री कमल सिंह बजौरिया पुत्र श्री दीवान सिंह बजौरिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित गिरी जीनियस किड्स डे बोर्डिंग स्कूल, ग्राम भौंडेरी, शहर मुरैना, तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.43 राजगुरू (भाँडेरी) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.5/1 एवं 6/1 ग्राम भाँडेरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 826 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूखण्ड क्र.27, पश्चिम में-भूखण्ड क्र.29, उत्तर में-रास्ता 25 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में बाउण्ड्री वॉल बाद भूमि दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री विजय सिंह पुत्र श्री तुस्सीराम, श्री रामनरेश, श्री रामनिवास, श्री रामखिलाड़ी पुत्रगण श्री पदमन सिंह, रामसनेही, कमला, अंगूरी, शीला पुत्रियां श्री पदमन सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामनिवास द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री कमल सिंह बजौरिया पुत्र श्री दीवान सिंह बजौरिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792024511411793 दिनांक 20.12.2024 से विक्रय की गई। श्री कमल सिंह बजौरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**100 कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**